1667(E)
06/03/2026

निर्गत शाखा
6/3/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 05/03/2026...... को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, अररिया के अन्तर्गत Strengthening of Jainagar to Ghurna (INBR) via-Narpatganj Road from Ch: 0+000 to Ch.: 37+200 (Total Length-35.770 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–19.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–1693 दिनांक–19.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय पर विभागीय ज्ञापांक–610(ई०) दिनांक–28.01.2026 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–315(अनु०) दिनांक–14.02.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Strengthening of Jainagar to Ghurna (INBR) via-Narpatganj Road from Ch: 0+000 to Ch.: 37+200 (Total Length-35.770 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, अररिया। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹13907.54270 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–8282(s) दिनांक–04.10.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹13039.70 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक--590(अनु०) दिनांक–17.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹12952.03224 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 21.11.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 10 (दस) अदद यथा :– |

(i) ABCI Infrastructure Pvt. Ltd.
(ii) M/s Bhartia Infra Projects Ltd.
(iii) M/s Hari Construction and Associates Pvt. Ltd.
(iv) M/s Kailash Prasad Yadav Constructions Pvt. Ltd.
(v) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd.
(vi) M/s Mateshwari Construction
(vii) M/s Rajbir Construction Pvt. Ltd.
(viii) M/s Sri Ram Enterprises
(ix) M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd.
(x) Sathi Construction

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.11 | विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग | : | प्र0–7 / निविदा–03–07 / 2026<br>उपभागीय ज्ञापांक–1693 दिनांक–19.12.2025<br>विभागीय ज्ञापांक–610(ई०) दिनांक–28.01.2026 |
| 2.12 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |
| 2.13 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त है। दिनांक–28.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापांक–610(ई०) दिनांक–28.01.2026 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है। |

## 3. मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग का अनुशंसा (पत्रांक–315(अनु०) दिनांक–14.02.2026):–

विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड पर दिनांक–19.12.2025 को सम्पन्न बैठक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय, जो ज्ञापांक–1693 दिनांक–19.12.2025 द्वारा संसूचित है, पर निर्धारित समय–सीमा के अंदर परिवाद प्राप्त होने के फलस्वरूप परिवाद की समीक्षा दिनांक–14.01.2026 को उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी एवं पत्रांक–72(अनु०) दिनांक–14.01.2026 से समिति द्वारा लिये गये निर्णय एवं अनुशंसा का अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को समर्पित की गयी। दिनांक–28.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही, जो विभागीय ज्ञापांक–610(ई०) दिनांक–28.01.2026 से संसूचित है, में तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया द्वारा खोला गया है। तत्पश्चात् प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड का तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुआ है। तकनीकी बीड में सफल सात निविदाकारों का वित्तीय बीड में निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. | ₹129,52,03,224.00 (एक सौ उनतीस करोड़ बावन लाख तीन हजार दो सौ चौबीस रुपये) | परिमाण विपत्र की राशि से 28.11% (अट्ठाईस दशमलव एक एक) प्रतिशत कम दर पर। | ₹93,11,21,597.73 (तिरानवे करोड़ ग्यारह लाख इक्कीस हजार पाँच सौ सन्तानवे रुपये तिहत्तर पैसे) | L-1 |
| 2. | M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. | | परिमाण विपत्र की राशि से 22.26% (बाईस दशमलव दो छः) प्रतिशत कम दर पर। | ₹100,68,90,986.34 (एक सौ करोड़ अड़सठ लाख नब्बे हजार नौ सौ छियासी रुपये चौंतीस पैसे) | L-2 |
| 3. | M/s Hari Construction and Associates Pvt. Ltd. | | परिमाण विपत्र की राशि से 21.13% (इक्कीस दशमलव एक तीन) प्रतिशत कम दर पर। | ₹102,15,26,782.77 (एक सौ दो करोड़ पन्द्रह लाख छब्बीस हजार सात सौ बेरासी रुपये सतहत्तर पैसे) | L-3 |
| 4. | M/s Kailash Prasad Yadav Constructions Pvt. Ltd. | | परिमाण विपत्र की राशि से 19.98% (उन्नीस दशमलव नौ आठ) प्रतिशत कम दर पर। | ₹103,64,21,619.84 (एक सौ तीन करोड़ चौंसठ लाख इक्कीस हजार छः सौ उन्नीस रुपये चौरासी पैसे) | L-4 |
| 5. | M/s Sri Ram Enterprises | | परिमाण विपत्र की राशि से 19.00% (उन्नीस दशमलव शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | ₹104,91,14,611.44 (एक सौ चार करोड़ इक्यानवे लाख चौदह हजार छः सौ ग्यारह रुपये चौवालीस पैसे) | L-5 |
| 6. | M/s Mateshwari Construction | | परिमाण विपत्र की राशि से 13.00% (तेरह दशमलव शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | ₹112,68,26,804.88 (एक सौ बारह करोड़ अड़सठ लाख छब्बीस हजार आठ सौ चार रुपये अट्ठासी पैसे) | L-6 |
| 7. | M/s Rajbir Construction Pvt. Ltd. | | परिमाण विपत्र की राशि से 6.25% (छः दशमलव दो पाँच) प्रतिशत कम दर पर। | ₹121,42,53,022.50 (एक सौ इक्कीस करोड़ बयालीस लाख तिरपन हजार बाईस रुपये पचास पैसे) | L-7 |

उपरोक्त विवरणी अनुसार तकनीकी बीड में सफल सात निविदाकारों में ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. का वित्तीय बीड में निविदित दर न्यूनतम है, जो परिमाण विपत्र के राशि से 28.11% कम दर है। निविदित दर के अनुसार विषयाधीन कार्य की राशि ₹93,11,21,598.00 (तिरानवे करोड़ ग्यारह लाख इक्कीस हजार पाँच सौ अन्ठानवे रुपये) मात्र होती है।

विभागीय निदेशानुसार, निविदा के न्यूनतम निविदाकार से Price Justification प्राप्त कर निविदा के वित्तीय बीड के न्यूनतम निविदाकार ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. के पक्ष में निविदा निष्पादन की अनुशंसा के साथ वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी एवं जाँच–पत्र संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

4. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

4.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–315(अनु०) दिनांक–14.02.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, अररिया के अन्तर्गत **Strengthening of Jainagar to Ghurna (INBR) via-Narpatganj Road from Ch: 0+000 to Ch.: 37+200 (Total Length-35.770 Km.) for the year 2025-26** कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार **ABCI Infrastructure Pvt. Ltd.** को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से **28.11%** (अट्ठाईस दशमलव एक एक) प्रतिशत कम यानि् **₹93,11,21,598.00** (तिरानवे करोड़ ग्यारह लाख इक्कीस हजार पाँच सौ अन्ठानवे रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

4.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

4.4 निविदाकार से **SBD** के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त **Performance Security** प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

4.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

4.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

4.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (मजीद अहमद) | (उमाशंकर प्रसाद) | (उमा कान्त रजक) | (पंकज कुमार पाल) |
|---|---|---|---|
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, सीमाचंल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–07/2026 1667(E) पटना, दिनांक 06/03/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।